दिनांक : 24.09.2025 समय : 07.10AM

**प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार :-

- मुख्यमंत्री आज बालाघाट में किसानों को देंगे 337 करोड़ रुपये का बोनस और 75 निर्माण कार्यों का करेंगे लोकार्पण।
- प्रदेश में निजी ऑपरेटर के सहयोग से हैलिकॉप्टर सेवा होगी शुरू।
- राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने कहा- धरती आबा अभियान, जनजातियों को मुख्य धारा में लाने की पहल।
- आज कई जिलों में बारिश होने की संभावना। सिवनी, मंडला और बालाघाट जिलों में तेज बारिश का अलर्ट।

मुख्यमंत्री-बालाघाट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज बालाघाट जिले के कटंगी में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में किसानों को बड़ी सौगात देंगे। इस दौरान वे समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले 6 लाख 69 हजार किसानों के खातों में 337 करोड़ 12 लाख रुपये की बोनस राशि सिंगल क्लिक के जरिए से अंतरित करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री 4315 युवाओं को नियुक्ति पत्र भी सौंपेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव 244 करोड़ रुपये की लागत से 75 निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी करेंगे।

आयुर्वेद दिवस- मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल भोपाल में 10वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय आयुष मिशन अंतर्गत "आयुष जन स्वास्थ्य कार्यक्रम" का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इस मौके पर कहा कि विश्व के 150 देश में हमारे आयुर्वेद का डंका बज रहा है। उन्होंने प्रदेश में 12 आयुष अस्पताल की सौगात भी दी।

मंत्रि-परिषद बैठक

प्रदेश में सार्वजनिक निजी भागीदारी के तहत निजी ऑपरेटर के सहयोग से हेलीकॉप्टर सेवा शुरू की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव की अध्यक्षता में कल मंत्रि-परिषद की हुई बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसके तहत प्रदेश के हवाई अड्डों, हेलीपेड एवं हवाई पट्टियों के बीच निजी ऑपरेटर द्वारा चयनित स्थानों पर हेलीकॉप्टर सेवा प्रदान की जाएगी। मंत्रि-परिषद ने सतपुड़ा ताप विद्युत गृह, सारणी की 11 हजार 678 करोड़ 74 लाख रुपये की पुनरीक्षित लागत के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी। अमरकंटक ताप विद्युत गृह, चचाई की 11 हजार 476 करोड़ 31 लाख रूपये पुनरीक्षित लागत को भी मंजूरी दी गई। मंत्रि-परिषद ने प्रदेश में 13 स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालयों में सीनियर रेसीडेंट के 354 नये पदों के सृजन की भी स्वीकृति है।

शिवराज-दलहन

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उत्तर प्रदेश तथा गुजरात में प्रमुख दलहनों और तिलहनों की खरीद को स्वीकृति दे दी है। उन्होंने कल एक उच्च-स्तरीय बैठक को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। श्री चौहान ने कहा कि खरीद की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी, डिजिटल और किसान-केंद्रित होनी चाहिए। कृषि मंत्रालय के अनुसार, पूरी खरीद प्रक्रिया ई-समृद्धि और ई-संयुक्ति पोर्टल के माध्यम से डिजिटल रूप से संचालित की जाएगी।

बिल्डथॉन-2025-प्रधान

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कल नई दिल्ली में विकसित भारत बिल्डथॉन 2025 का शुभारंभ किया। इस पहल का उद्देश्य युवाओं में रचनात्मकता और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। शिक्षा मंत्रालय का स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग, नीति आयोग के अटल नवाचार मिशन के सहयोग से 13 अक्टूबर से इसका आयोजन करेगा। विद्यार्थी, छह अक्टूबर तक इसके लिए पंजीकरण करा सकते हैं।

राज्यपाल-टीकमगढ़

राज्यपाल मंगुभाई पटेल कल टीकमगढ़ जिले के करमासन हटा गांव में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत आदि साथी एवं आदि सहयोगियों से संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि नारी स्वस्थ होगी, तभी परिवार स्वस्थ रहेगा। राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने कहा- धरती आबा अभियान, जनजातियों को मुख्य धारा में लाने की पहल है। घर में माँ स्वस्थ हो तो पूरे परिवार की देखभाल अच्छे से कर सकती है।

सेवा पर्व- कौशल विकास

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा और सुशासन मंत्र से अभिप्रेरित सरकार परिवर्तन और प्रगति की दिशा में लगातार काम कर रही है। विशेष श्रृंखला सेवा पर्व में आज हम चर्चा करेंगे कि मोदी सरकार ने किस तरह प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के माध्यम से भारत के युवाओं को सशक्त बनाया है।

कैप्सूल-

जीएसटी- ट्रेक्टर

नई पीढी के जीएसटी सुधारों के तहत सरकार ने विभिन्न क्षेतों में करों मे कटौती की है, सरकार ने 1800 सीसी से कम क्षमता वाले ट्रेक्टर पर कर 12 से 5 प्रतिशत एवं ट्रेक्टर के उपकरणों पर कर को 18 से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया है। पेश है

क्रिकेट- एशिया कप

पुरुषों के टी20 एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में, सुपर फोर मुकाबले में पाकिस्तान ने 5 विकेट से जीत दर्ज की। आज दुबई में भारत-बांग्लादेश के बीच मैच खेला जाएगा। यह मैच रात 8ः:00 बजे शुरू होगा।

मौसम

प्रदेश में ःआज कई जिलों में बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने सिवनी, मंडला और बालाघाट जिलों में कहीं-कहीं तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं, बड़वानी, और धार जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, और निवाड़ी सहित 21 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश की चेतावनी दी गई है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- शिवपुरी में आंतरिक परिवाद समिति के सदस्यों एवं अन्य स्टेक होल्डर्स का एक दिवसीय प्रशिक्षण कल 25 सितंबर को आयोजित किया गया है।
- राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर कल खंडवा जिले के सभी शासकीय, अशासकीय, निजी एवं अनुदान प्राप्त शालाओं, छात्रावास एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों पर बच्चों को कृमिनाशक एल्बेण्डाजॉल की गोली खिलाई गई।
- अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस के अवसर पर सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग आगरमालवा द्वारा कल कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।
- केंद्र के निर्देश पर जबलपुर के भेड़ाघाट और लम्हेटाघाट की चट्टानें यूनेस्को के विश्व धरोधर सूची में शामिल करने की प्रक्रिया चल रही है।
- खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कल भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ कटनी शहर के मुख्य मार्गों पर घण्टाघर से सुभाष चौक तक व्यापारियों से संवाद स्थापित कर जीएसटी रिफार्म के महत्व और उसके लाभों पर चर्चा की।
- मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल के सरकारी स्कूलों में 10वीं और 12वीं की अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं नवंबर में होंगी। पहले यह परीक्षाएं दिसंबर में होना निर्धारित थीं।

-------